भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

12.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3930 का उत्तर

एर्नाकुलम-केएसआर बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस

3930. श्री हैबी ईडन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस मार्ग पर यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए एर्नाकुलम-केएसआर बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस को 20 डिब्बों के रैक में बदलने की निरंतर मांग से अवगत है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार एर्नाकुलम से रात लगभग 11:00 बजे प्रस्थान और सुबह बेंगलुरु आगमन के साथ एर्नाकुलम और केएसआर बेंगलुरु के बीच रात भर में सफर पूरा करने वाली एक अतिरिक्त रात्रि-कालीन वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि एर्नाकुलम-केएसआर बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस में सीटों की कमी का अप्रत्यक्ष रूप से निजी बस लॉबी को फायदा हो रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने एर्नाकुलम-केएसआर बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस के वर्तमान समय में संशोधन के लिए विभिन्न समयों पर यात्रियों की मांग का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): बेंगलुरु-एरणाकुलम खंड के यात्रियों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु, 26651/26652 बेंगलुरु-एरणाकुलम वंदे भारत एक्सप्रेस को वर्तमान में 8 सवारी डिब्बों के स्थान पर 16 सवारी डिब्बों के साथ परिचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त, एरणाकुलम-बेंगलुरु खंड को वर्तमान में 10 जोड़ी रेलगाड़ियों द्वारा सेवित किया जा रहा है, जो यात्रियों की

आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही हैं। एरणाकुलम-बेंगलुरु खंड को सेवित करने वाली रेलगाड़ियों की सूची निम्नानुसार है:

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या एवं नाम
1	26651/26652 केएसआर बेंगलुरु-एरणाकुलम वंदे भारत एक्सप्रेस
2	12257/12258 यशवंतपुर-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ गरीब रथ एक्सप्रेस
3	12683/12684 एरणाकुलम-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस
4	12777/12778 एसएसएस हुब्बल्लि-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस
5	16315/16316 मैसूर-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस
6	16319/16320 तिरुवनंतपुरम नॉर्थ-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस
7	16331/16332 लोकमान्य तिलक (टी)-तिरुवनंतपुरम सेंट्रल एक्सप्रेस
8	16377/16378 केएसआर बेंगलुरु-एरणाकुलम एक्सप्रेस
9	16525/16526 कन्याकुमारी-केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस
10	16561/16562 यशवंतपुर-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस

संसद सदस्यों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि द्वारा अन्य बातों के साथ-साथ रेलगाड़ियों का संवर्धन/समय-सारणी के युक्तिकरण के लिए औपचारिक और अनौपचारिक दोनों प्रकार के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालय आदि सहित विभिन्न स्तरों पर प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों की जांच की जाती है और समय-समय पर यथासंभव और उचित कार्रवाई की जाती है, जो एक सतत् प्रक्रिया है।

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर नई रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना, समय-सारणी का युक्तिकरण और रेलगाड़ी सेवाओं का संवर्धन एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो कि विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नानुसार शामिल हैं:

- उस खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता
- खंड की अधिभोगिता और यातायात मांग

******